## खबर संक्षेप

### तेंदू बेचने आए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** तेंदू बेचने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पिथौरा पुलिस को डिग्री पटेल निवासी पिलसीपानी थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा ने बताया कि 17 मार्च को वह अपनी मोटर सायकल सीजी 06 एफ 0684 में तेंदू बेचने पिथौरा आया था। तेंदू बेचने के बाद वह अपने फूफा पवितराम पटेल निवासी डोंगरीपाली कैलाशपुर के घर रात में रूका था तथा बाइक को को घर के सामने खड़ी कर दिया था। 18 मार्च की सुबह करीबन 4 बजे देखा तो बाइक वहां नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब बेचने वाले दो लोगों को महिला समूह ने पकड़ा

**महासमुंद।** नानकपाली की महिला समूह ने शराब बेचने वाले दो लोगों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम नानकपाली के महिला समूह के द्वारा दो व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। इसके बाद पुलिस टीम मौके पहुंची जहां समूह की महिलाओं ने दो लोगों को पकड़ा हुआ था। संदेहियों ने पूछताछ में अपना नाम नवीन साहू पिता धनु साहू (57 वर्ष) नानकपाली एवं प्रकाश महापात्र पिता शिवनाथ महापात्र (35 वर्ष) जलगढ थाना बलौदा का होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 07 लीटर (7000एमएल) कीमत 1400 रुपए की महुआ शराब को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# ऋण लेकर नहीं चुकाने वाले ढाई हजार किसानों को वसूली नोटिस भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी समाप्त हुए 45 दिन से ज्यादा हो चुके हैं। खरीफ सीजन में किसानों ने 427 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। धान खरीदी के दौरान लिंकिंग के माध्यम से अब तक 417 करोड़ रुपए से अधिक अब तक वसूली हुई है। समय पर भुगतान नहीं करने पर बकायादारों को अब नोटिस दिए जाने की तैयारी की जा रही है। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 82 हजार 527 किसानों ने खरीफ सीजन की फसल के लिए ऋण लिया था। अब तक 80 हजार 71 किसानों ने 417 करोड़ 30 लाख ऋण का भुगतान कर दिया है। वहीं लगभग 2456 किसानों से ऋण की वसूली शेष है। खरीफ सीजन में किसान खाद, बीज और रासायनिक उर्वरकों के लिए ऋण लेते हैं। अल्पकालीन ऋण का भुगतान मार्च तक करना होता है जिसे समाप्त होने में मात्र 13 दिन ही शेष है। ऐसे में यदि किसान शेष ऋण की राशि जमा नहीं करते हैं तो सहकारी बैंक उन्हें नोटिस जारी करने वाला है।

जिला सहकारी बैंक के नोडल अफसर अविनाश शर्मा ने बताया कि खरीफ फसल के लिए किसानों को ऋण दिया गया था उसमें 98 प्रतिशत वसूल हो चुकी है। ऋण की अदायगी के लिए किसानों को मार्च तक का समय दिया गया है। निर्धारित समयावधि तक ऐसा न किए जाने पर उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।

## लिंकिंग से अब तक 417 करोड़ रुपए से अधिक वसूली

### रबी के लिए लक्ष्य का 84% ऋण बांटा

इस वर्ष रबी सीजन में 45 करोड़ रुपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 6 हजार 176 किसानों ने 37 करोड़ 68 लाख रुपए जो कुल लक्ष्य का 84 प्रतिशत है का ऋण लिया है। मालूम हो कि 15 मार्च तक ऋण का वितरण किया जाता है। पिछले वर्ष से अधिक किसानों ने रबी सीजन में ऋण लिया है। रबी सीजन में इस बार किसानों में ऋण वितरण को लेकर उत्साह है।




### खरीफ के लिए अप्रैल से ऋण वितरण

खरीफ सीजन के लिए ऋण वितरण अप्रैल माह से प्रारंभ होगा। जो सितंबर महीने तक चलेगा। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक खरीफ सीजन के लिए ऋण वितरण किया जाता है। 2024-25 में ऋण वितरण का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया था। 498 करोड़ का लक्ष्य था। इसमें से 426 करोड़ का ऋण वितरण हो पाया है।

**वर्षों के बकाया पर भी बैंक करेगी सख्ती :** दूसरी ओर पूर्व वर्षों का भी बकाया है। जिसकी वसूली नहीं हो पाई है। जिसे लेकर नोटिस देने की तैयारी चल रही है। कर्ज होने के कारण कई किसान धान खरीदी के लिए पंजीयन भी नहीं कराते। प्रतिवर्ष लोन देने का लक्ष्य बढ़ता जा रहा है, लेकिन इस साल लक्ष्य के आस-पास भी नहीं पहुंच पाए। जिले में 498 करोड़ का लक्ष्य रखा गया था। इधर, धान की अंतर राशि निकालने के लिए किसान सहकारी बैंक पहुंच रहे हैं।

**घटना :** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम सुअरमाल व टेमरी के बीच लोमहर्षक घटना

# कंटेनर-कार में भिड़ंत, 3 मृत व 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सप्ताह भर के भीतर हाइवे 353 में दो भीषण सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी है। 16 मार्च को ओंकारबंद के पास हुए हादसे के बाद बुधवार को एक बार फिर कोमाखान थाना क्षेत्र में मंगलवार रात सुअरमाल व टेमरी के बीच कंटेनर और ईको कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। इस भीषण हादसे में तीन की मौत व छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है वहीं फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। कोमाखान टीआई नितेश ठाकुर ने बताया कि सुअरमाल-टेमरी मार्ग में रात करीब एक बजे कंटेनर क्रमांक एमएच 40 एके 2648 और टेमरी









से बागबाहरा खोपली पडाव आ रही इको कार क्रमांक सीजी 04 पीजे 1696 की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार से खोपली पड़ाव निवासी साहू परिवार शादी में शामिल होकर वापस आ रहा था। कार में कुल 9 लोग सवार थे। कार सवार जोहन साहू (60), खुशी साहू डेढ़ वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल अवस्था में कार चालक पूनम साहू (39) सहित तीन लोगों को महासमुंद जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान ईको चालक की मौत हो गई। वहीं दो घायल बच्चों को रायपुर रेफर कर दिया गया है। चार घायलों का इलाज बागबाहरा में चल रहा है। हादसे के बाद कंटेनर चालक व सह चालक मौके से फरार हो गए हैं।

### मार्च में सड़क हादसों से एनएच हो रही लाल

बता दें कि मार्च माह में अलग-अलग सड़क हादसों में अब तक लगभग 15 मौतें हो चुकी है। उक्त सभी हादसे राष्ट्रीय राजमार्ग-53 और 353 पर हुई है। मार्च माह में ही सड़क हादसों में एक से अधिक लोगों की मौत एक साथ हुई है।

# पिता की लाश फांसी पर मिली पुत्र ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- हत्या की आशंका जताई जा रही है तो जांच की जाएगी

सरायपाली के सागरपाली में मंगलवार सुबह एक अधेड़ ने पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के बेटे ने मामले में हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मृतक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। अगर हत्या की आशंका जताई जा रही है तो जांच की जाएगी। साथ ही करीबियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी। सरायपाली थाना प्रभारी अमित शुक्ला ने बताया कि सागरपाली निवासी श्यामलाल साहू की लाश अलसुबह पेड़ में लटकी मिली। उन्होंने बताया कि मृतक ने शॉल से फांसी लगाकर खुदकुशी की है। वहीं मृतक के बेटे गिरेश साहू ने पिता की हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। उनके बेटे के मुताबिक बीती रात मृतक के पिता के साथ गांव के ही कुछ लोगों के साथ पानी विवाद को लेकर कहा सुनी होने की बात सामने आई है।

गिरेश ने बताया कि एक तालाब से दूसरे तालाब में पानी ले जाने के निर्णय का उनके पिता ने विरोध किया था। इस बीच नायक पारा के पंच ने मीटिंग रखने की बात कही थी। रात को वे लोग पिताजी को ढूंढ रहे थे। लेकिन देर रात तक खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिले। दूसरे दिन मंगलवार सुबह गांव के कोटवार ने बताया कि पिताजी ने पेड़ में फांसी लगा ली है। उनका पैर जमीन में था। बेटे ने हत्या कर लाश को पेड़ में लटका देने की आशंका जताई है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

## राष्ट्रीय बास्केटबाल चैंपियनशिप में अभिषेक का चयन



**महासमुंद।** बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा असम बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा पहली अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 18 से 24 मार्च तक इंडोर स्टेडियम गुवाहाटी में आयोजित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल बालक एवं बालिका टीम शामिल होंगी। छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपने पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन किया व अरुणाचल प्रदेश से 66-44 अंकों से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय बास्केटबाल चैंपियनशिप में महासमुंद जिले से अभिषेक अंबिलकर का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, संतोष सोनी, किरण महाड़िक, नुरेंद्र चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, बादल मक्कड़, माता सुनीता अंबिलकर, पिता जयंत राव अंबिलकर, शुभम तिवारी, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, लालू सोनवानी, मनीष चंद्राकर, विकास सोनी, पूरन साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, आकाश सोनी, अजय सिन्हा, राहुल दास, आदित्य पटेल, दिव्या रंगारी, योजना रंगारी, शिवम, खुशबू साहू, तारणी साहू, सौम्या, सिम्मी चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पति ने पत्नी पर चाकू से वार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम केंदूढार के पेट्रोल पंप में काम करने वाली महिला के साथ उसके पति ने मारपीट करते हुए चाकू से वार कर दिया। सरायपाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट लिखाते हुए महिला के पिता तिहारी प्रधान निवासी पतेरापाली ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री का साल 2019 में मनीष सोनी के साथ प्रेम विवाह हुआ था। तीन माह पूर्व वह ग्राम बालसी में किराये के मकान लेकर अपने तीन बच्चों के साथ रहती है तथा पेट्रोल पंप केंदूढार में पेट्रोल भरने का काम करती है। 18 मार्च को वह खाता खुलवाने के लिए अपनी पुत्री को लेकर सरायपाली आया था, खाता नहीं खुलने से उसको छोड़ने पेट्रोल पंप गया था। इस दौरान उसका दामाद मनीष सोनी पहले से वहां खड़ा था, मेरी पुत्री को उसे बात करने के लिए अपने पास बुलाया और किसी बात को लेकर हुए विवाद में उसने मेरी पुत्री को जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे एक चाकू से उसके जांघ एवं छाती के पास मारने लगा। इसके बाद उसने अपनी पुत्री को लेकर सरकारी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**भारतीय किसान यूनियन की प्रेसवार्ता**

# देश में फिर से होगा किसान आंदोलन: टिकैत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार की कृषि नीति पूरी तरह से कंपनियों और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के पक्ष में है। इस नीति से किसानों को कोई फायदा नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की कृषि नीति के कारण किसान कर्जदार हो रहे हैं। किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। किसानों को सभी फसलों के लिए एमएसपी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बार फिर से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा प्राइवेट कंपनियों का करोड़ों रुपए माफ किया जा रहा है, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं कर रहे हैं। कर्ज चुकाए बगैर ही पूंजीपति भाग रहे हैं।

इधर, किसान अपना बचा हुआ अनाज दलालों और व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। हर जगह देखने को मिल रहा है कि बुनियादी ढांचा को मजबूत नहीं किया जा रहा है और कोल्ड स्टोरेज की भी कमी बनी हुई है। राकेश टिकैत ने कहा कि पिछले दिनों झलप के पास एक गांव में किसान ने आत्महत्या कर ली, यह दुखद है। उन्होंने पीड़ित परिवार से चर्चा की। परिवार के लोगों ने बिजली की गंभीर समस्या बताई। उन्होंने बताया कि वे एक बड़े किसान आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए सभी किसान संगठनों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी किसान एक हो जाएंगे, तो बड़ा आंदोलन होगा। किसान नेता राकेश टिकैत ने किसानों के विभिन्न मुद्दों पर पिथौरा में चर्चा की। उन्होंने एमएसपी गारंटी कानून पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले वे ओडिशा और बिहार भी गए थे, जहां किसानों की हालत बेहद खराब है। किसानों को मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।



### किसान व युवाओं को भटका रही सरकार

किसान नेता ने कहा कि बीजेपी की सरकार युवाओं को भटका रही है। अग्निवीर जैसी योजना से युवाओं में डर बना हुआ है। किसानों की समस्या को हल करने के लिए एक सशक्त होना है। इसके लिए अन्य किसान संगठनों को भी आगे आना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बिहार में धान 800 रुपए से 1200 रुपए समर्थन मूल्य चल रहा है। देश के किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनका निराकरण नहीं हो रहा है। राकेश टिकैत ने कहा कि आदिवासी जंगल की पूजा करते हैं, लेकिन इन जंगलों को काटा जा रहा है। बिजली कंपनियों को प्राइवेट किया जा रहा है, इससे बाद में किसानों को नुकसान होगा। सिर्फ कर्जा बढ़ाने की बात कही जाती है।

### कोई किसान स्मार्ट मीटर से खेती नहीं कर सकता

देश में सबसे बड़ा सवाल न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी है। इसी तरह बिजली संकट भी बड़ा सवाल है। कोई किसान स्मार्ट मीटर से खेती नहीं कर सकता। सरकार बिजली को प्राइवेट करना चाह रही है जिसका विरोध किया जाएगा। देश में दो स्थानों पर प्राइवेट में बिजली है जिसके नतीजे अच्छे नही रहे। टिकैत ने कहा कि आगरा में ताजमहल के नाम पर प्राइवेट कंपनी को बिजली दी गई है वहां किसानों की हालत ठीक नहीं है इसी तरह एक और स्थान है जहां प्राइवेट कंपनी के पास बिजली का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।



## खबर संक्षेप

### सचिन पायलट आज आएंगे पदाधिकारियों की लेंगे बैठक



**रायपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के बाद वे शराब घोटाले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें प्रदेश के तीनों सह-प्रभारी, पीसीसी अध्यक्ष, सदस्य और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव के बाद यह सचिन पायलट का पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। बैठक में संगठन में बदलाव, नई नियुक्तियां और हाल ही में हुई चुनावी हार की समीक्षा पर चर्चा हो सकती है। बैठक के बाद शाम 5 बजे सचिन पायलट दिल्ली लौट जाएंगे।

### निर्वाचन आयोग वोटर आईडी को आधार से जोड़ने करेगा कार्यवाही

**रायपुर।** देश के निर्वाचन आयोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी के साथ मंगलवार को नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में केंद्रीय गृह सचिव, सचिव विधायी विभाग, सचिव मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और सीईओ, यूआईडीएआई और निर्वाचन आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। देश के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है; आधार कार्ड व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। इसीलिए यह निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप ही किया जाएगा। तदनुसार यूआईडीएआई और निर्वाचन आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है।

### राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने कर्तव्य अग्रवाल



**रायपुर।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के कर्तव्य अग्रवाल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को महत्व दिया गया है। उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए की गई है। अध्यक्ष हेमराज जिंदल एवं राष्ट्रीय युवा महामंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ के प्रदेश युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल को अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन नई दिल्ली का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । प्रदेश इकाई के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए होगी। राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को महत्व दिये जाने से युवाओं में नया जोश आया है। कर्तव्य अग्रवाल के युवा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अध्यक्ष प्रमोद जैन, महामंत्री राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, शेखर गोयल नितिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में युवा साथियों ने बधाई दी।

### खत्म नहीं होंगे जूनियर रेजीडेंट के पद

**रायपुर।** सरकारी मेडिकल कालेजों में जूनियर रेजीडेंट (जेआर) के पदों को समाप्त नहीं किया जाएगा। एमबीबीएस पास होने वाले डाक्टरों को इन पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। कुछ समय पहले रायगढ़ मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा जेआर के कुछ पदों को सरेंडर करने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के भेजे गए पत्र के बाद विवाद खड़ा हो गया था। तर्क दिया गया था कि कालेज में पीजी की सीटें हैं इसलिए पद की जरूरत नहीं है। चिकित्सा छात्र संगठनों ने इसका विरोध किया था जिसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह पद समाप्त नहीं होंगे।

# एनआरआई की 5 सहित 30 सीटों का आवंटन, अभी भी एमडी-एमएस की 48 बाकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

चार दौर की काउंसिलिंग के बाद निजी कालेजों में खाली बची एनआरआई कोटे की पांच सहित 30 सीटों पर एडमिशन के लिए आंवटन सूची जारी कर दी गई है। स्पेशल स्ट्रे राउंड में सीटों के अलॉटमेंट के बाद भी मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की 48 सीटें बाकी हैं। इस विशेष स्ट्रे राउंड के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नया आवेदन मंगाया था, प्रवेश की अंतिम तारीख 20 मार्च तय की गई है।


राज्य के निजी मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटों पर एडमिशन के लिए इस बार चिकित्सा शिक्षा विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ गई। दो दौर की नियमित फिर मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के बाद स्ट्रे राउंड और अब स्पेशल राउंड के जरिए खाली बची सीटों पर एडमिशन का प्रयास किया जा रहा है। होली के दौरान संस्था चयन के साथ मंगाए गए नए ऑनलाइन आवेदन के आधार पर मंगलवार को आवंटन सूची जारी कर दी गई। स्ट्रे राउंड के बाद पांच शासकीय सहित आठ चिकित्सा महाविद्यालयों में एमडी-एमएस की सीटें बाकी थीं।

नए आवेदन के बाद भी 30 सीटों के लिए अभ्यार्थी मिले जिन्हें सीट आवंटित की गई है और 48 सीट खाली बची हैं। आवंटित सीटों पर एडमिशन 20 मार्च तक दिया जाएगा, इसके बाद यह तय हो पाएगा कि इस सीजन में कितने सीटें एडमिशन से बच गई हैं। स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए निजी कालेजों की रिक्त पांच एनआरआई कोटे का आवंटन किया गया है और शेष 25 सीटें राज्य कोटे से संबंधित है। आवंटन के बाद जो सीटें खाली बची है वे सभी नॉन क्लीनिकल हैं।

**20 मार्च तक होगा प्रवेश, स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए कराया गया था नया आवेदन**

**5 परेंसटाइल आधार पर नया आवेदन**

खाली सीटों पर एडमिशन के लिए संशोधित 5 परसेंटाइल के आधार पर नया आवेदन 13 से 15 मार्च तक मंगाया गया था। इनमें पंजीकृत सेवारत अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन जमा किया गया है। पुराने अनुभव के आधार पर सीख लेते हुए इन सर्विस अभ्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई तो तीन अभ्यर्थियों के सेवा प्रमाण पत्र स्वास्थ्य संचालनालय से जारी नहीं मिले। इसकी वजह से काउंसिलिंग में इनकी श्रेणी में परिवर्तन किया गया।



**एडमिशन नहीं लिया तो अगली बार नीट नहीं**

स्पेशल राउंड में जिन अभ्यार्थियों को सीटों का आवंटन हुआ है, उन्हें एडमिशन लेना अनिवार्य होगा। किसी कारण सीटें छोड़ने अथवा एडमिशन नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों को वर्ष 2025 में होने वाले नीट की परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा उनके द्वारा जमा कराई गई पंजीयन राशि भी जब्त कर ली जाएगी। इस बार सीट त्यागने वालों को लेकर एनएमसी ने सख्त रवैया अपनाया है।

## रोष : मोदी की गारंटी के नाम पर लगातार झूठ बोल रही भाजपा सरकार

# कर्मचारी हैं प्रशासन की रीढ़ डबल इंजन की सरकार करे न्याय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा बुधवार को बागबाहरा सचिव संघ द्वारा जारी आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे। इस दौरान अंकित ने कहा कि भाजपा का शुरू से यही कहानी रहती है कि चुनाव आथे तो बोनस ओखर बाद ते कोन हस। डबल इंजन और विकास के लगातार झूठे दावा करने वाली भाजपा आज तक 15 माह बीत जाने के बाद भी अपना 13 वां मंत्री नहीं बना पाई।

**विधानसभा सत्र में भाजपा ने कहा कि समय सीमा बता पाना संभव नहीं**

100 दिन के अंदर सचिवों और अशासकीय कर्मचारियों का शासकीयकरण करने की बात करने वाले आज 450 दिन बीत जाने के पश्चात भी अपने मोदी की गारंटी को पूरा नही कर पाई। जबकि पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश गांव का प्रदेश है और पूरे प्रदेश के ग्रामीण विकास और कार्य की रीढ़ की हड्डी सचिव है और उनके साथ ये ना इंसाफी बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी।



धरना प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से सचिव संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रताप ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णचंद पटेल, उपाध्यक्ष घनश्याम दीवान, जयचंद बघेल, पुनुराम, सचिव सत्येंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राजकुमार कठोलिया, भोलाराम दीवान, संरक्षक शिवचरण साहू, भूपेंद्र साहू सहित बहादुर यादव, नेमीचंद साहू, दाऊलाल गिरी, विनोद चंद्राकर, अनिल साहू, डुमन साहू, ऐशराम साहू, इंदिरा सुरमनी, संतु चंद्राकर, भरत लाल साहू, गेंदूसिंह ठाकुर, फनीस साहू, अभिलाषा काकड़े, हरेंद्र निषाद, जयप्रकाश जांगड़े, डालेश्वर पटेल, सेतराम सेन, परशु ध्रुव, मरेंट साह, दिगेश सिन्हा, चम्मन देवांगन, धवराम पांडे, निमेष चंद्राकर, योगेश्वरी पनुरिया, सुनीता सोनवानी, हेमकुमारी कुर्रे, बृजलाल ठाकुर, महेश्वर साहू, महेश्वर ध्रुव, पुन्नी कमार, चंद्रिका दीवान, योगेश कुमारी दीवान आदि उपस्थित रहे।




### जनपद पंचायत के सामने सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**सरायपाली।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर जनपद मुख्यालय में सचिव संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इस संबंध में सचिव संघ के अध्यक्ष नेहरू पटेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में साय सरकार ने सभी पंचायत सचिवों के शासकीय करण को मोदी की गारंटी के तहत अपने घोषणा पत्र में रखा था। विगत माह 7-7-2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा घोषणा किया गया था कि 30 दिवस के भीतर समिति गठित कर पंचायत सचिवों का शासकीय करण किया जाएगा। परंतु साय सरकार के लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के उपरांत भी वर्तमान बजट सत्र में सचिवों के संबंध किसी प्रकार का कोई पहल नहीं किए जाने से पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# पहली बार मार्च में बिजली की खपत 64 सौ मेगावाट के करीब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जा रहा है। प्रदेश में कई स्थानों पर पारा अभी से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत में भी लगातार गर्मी आ रही है। पूरे देश में इस समय बिजली की खपत बढ़ गई है। अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है।

गर्मी में यह खपत 65 से 67 सौ मेगावाट तक जाएगी। ऐसे समय में अगर अपने संयंत्रों में खराबी आई, तो तय है कि बिजली संकट आएगा और कटौती भी करनी पड़ेगी। एक दिन पहले भी पांच सौ मेगावाट का एक संयंत्र बंद हो गया था। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ी। मंगलवार को भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र का एक 250 मेगावाट का प्लांट बंद हो गया। इसकी वजह से सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए कहा नहीं जा सकता। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेश भर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। एसी और कूलरों के चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

**संकट संभव**

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 65 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, लेकिन अपने संयंत्रों में खराबी आने पर परेशानी हो सकती है। हमेशा गर्मी में अपने किसी न किसी संयंत्र में खराबी आती है। अभी तीन दिनों में ही दो संयंत्रों में खराबी आई है।

# विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ



**रायपुर।** विधान सभा परिसर स्थित ऐलोपैथिक चिकित्सालय में मंगलवार विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप एवं लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया भी उपस्थित थे। यह शिविर 18 से 20 मार्च तक रहेगा। शिविर में पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विभिन्न विशेषज्ञ एवं चिकित्सक पूर्वान्हः 11 बजे से अपरान्ह 5 बजे के मध्य विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" के शुभारंभ अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विधान सभा परिसर में बजट सत्र के दौरान समस्त सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में ईसीजी, एक्सरे, सोनोग्राफी एवं पैथोलॉजी टेस्ट के साथ दन्त, ऑख, नाक, गला, संबंधी विभिन्न विशेषज्ञ/ चिकित्सक उपस्थित रहकर विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।

## चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल और एकता पैनल

# ललित जैसिंघ लड़ेंगे चैंबर चुनाव, नामांकन खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा नेता ललित जैसिंघ चैंबर चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को उन्होंने नामांकन खरीद लिया है। सूत्रों के मुताबिक वे अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए ललित जैसिंघ बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव रोचक होने वाला है।

अभी तक मुख्य रूप से इस चुनाव में अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और भाजपा नेता व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल चुनाव मैदान में सदस्यों के बीच चर्चा में बने। असमें से जय व्यापार पैनल ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। चैंबर के निवृतमान अध्यक्ष अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल से प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं। इस बीच खबर आई कि अग्रवाल बिरादरी का एक अलग पैनल बन गया है। उनकी दावेदारी हो सकती है। चूंकि चैंबर चुनाव में दोनों ही पैनल से अग्रवाल समाज को तवज्जो नहीं दी गई इसलिए समाज जन इस बात को लेकर नाखुश रहे, लेकिन इस बीच अग्रवाल समाज से विजय अग्रवाल का वक्तव्य आया कि संयुक्त प्रत्याशियों को व्यापारिक हित में उनका समर्थन रहेगा।

**नामांकन के दूसरे दिन 3 फार्म दिए गए दो फार्म जमा**



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव 2025 की प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन के दूसरे दिन मंगलवार को 3 नाम निर्देशन पत्र दिये गये। व दो नाम निर्देशन पत्र जमा हुये। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च को प्रातः11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। चैंबर सभा भवन में नामांकन प्रक्रिया के समय मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र गोलछा, बालकृष्ण दानी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एचएस कर, एवं चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शीतला मंदिर से लाखेनगर चौक तक के मार्ग में सुगम आवागमन हुआ आसान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर।

दुकानों का सामान सड़क पर रखकर दुकानदारी करने वालों पर नियम की नाफरमानी महंगी पड़ी। शीतला मंदिर पुरानी बस्ती से लाखे नगर चौक तक दर्जनों दुकानदार सड़क आवागमन बाधित करने अपनी दुकान का सामान सड़क पर रखने से बाज नहीं आते। ऐसे डेढ़ दर्जन व्यापारियों से नगर निगम ने न केवल सड़क बाधा शुल्क वसूला, बल्कि आवागमन में बाधक सामग्री जब्त भी की। लंबे समय बाद निगम के इस अभियान को लेकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

■ दुकानों के बाहर सड़क पर रखी सामग्री हटाने और जब्त करने चला अभियान

नगर निगम जोन 5 के पुरानी बस्ती शीतला मंदिर से लाखे नगर चौक तक 17 व्यापारियों से सड़क आवागमन बाधित कर दुकान की सामग्री सड़क किनारे रखने और गंदगी फैलाने पर 17 हजार रुपये जुर्माना किया गया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश अनुसार जोन 5 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता कमलेश मिथिलेश , नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता संस्कार शर्मा और जोन स्वास्थ अधिकारी संदीप वर्मा की टीम ने अभियान चलाकर आम जनता के लिए सुगम आवागमन की सुविधा दी।

**पुराना बस स्टैंड , एवरग्रीन चौक से बैजनाथ पारा तक अवैध पाटा तोड़े**

नगर निगम जोन 4 अमले ने पुराना बस स्टैंड के पास मल्टीलेवल पार्किंग, एवरग्रीन चौक से बैजनाथपारा तक नालियों पर बनाये गये अवैध पाटा को तोड़ने की कार्रवाई की। साथ ही सड़क पर रखे सामान को जब्त किया। इन मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों में करीब 8 बड़े पाटे तोड़े गये। साथ ही सड़क पर कब्जा जमाकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों के सामान की जब्ती की गई। अवैध ठेला व गुमटियों को हटाया गया। अभियान में करीब 8,500 रुपये का जुर्माना कब्जाधारियों पर लगाया गया है।

# भाजपा मनाएगी बिहार स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




भाजपा प्रदेश में पहली बार 22 मार्च को राजधानी रायपुर में बिहार स्थापना दिवस मनाएगी। इसमें भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रच बसकर विविध क्षेत्रों में बेहतर काम करके छत्तीसगढ़ और बिहार का मान बढ़ाने वाले कुशल लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर एकात्म परिसर में मंगलवार को बैठक की गई। इसमें तय किया गया, बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और उसकी महत्ता को प्रसारित करने की दृष्टि से सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे भोजपुरी गीत, मैथिली गीत, पारंपरिक गीत आदि का प्रदर्शन किया जाएगा । इसी तारतम्य में बिहार के प्रत्येक कोने के प्रसिद्ध पारंपरिक भोजन को भी परोसा जाएगा। पूरा कार्यक्रम इस वर्ष बिहार स्थापना दिवस के 2025 की थीम"उन्नत बिहार, विकसित बिहार" के इर्द - गिर्द रखा गया है, जिसका मूल उद्देश्य बिहार की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, सतत विकास और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं को उजागर करना है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सत्यम दुवा ,अकबर अली भोजपुरी समाज के संयोजक राजेश सिंह, भोजपुरी समाज के संरक्षक रविंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, शिलवंत राय, संजय सिंह, हरिशंकर पांडे, सरोज सिंह ,अखिलेश शिंह, अरुण झा, रविन्द्र शर्मा, वेदनारायण सिंह, अमित श्रीवास्तव , शिवजलम दुबे , रवि कुमार उपस्थित थे।

# परीक्षा फॉर्म भरने के 24 घंटे पहले डीएलएड की 166 सीटों पर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर


डीएलएड विद्यार्थियों को एडमिशन लेते ही भरना होगा परीक्षा फॉर्म, मात्र 28 दिन बाद दिलाएंगे परीक्षा!

200 दिनों का पाठ्यक्रम 28 दिनों में

आज जारी होगी रिक्त सीटों की जानकारी

इस बार डीएलएड की परीक्षाएं अगस्त-सितंबर में आयोजित की जाएंगी। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल को खत भी लिखा गया है। सामान्यः डीएलएड की परीक्षाएं जून में आयोजित की जाती हैं, लेकिन विलंब से हुए दाखिले के कारण इस बार परीक्षाएं भी देर से आयोजित की जाएंगी। दरअसल, शैक्षणिक सत्र 2024-25 में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग अगस्त माह से प्रारंभ हुई थी। अक्टूबर माह तक चली प्रवेश प्रक्रिया के बाद रिक्त रह गई सीटों के लिए दोबारा प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने निजी महाविद्यालयों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

न्यायालय द्वारा दोबारा काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू करने आदेश दिए गए। इसके आधार पर एससीईआरटी ने अधिसूचना जारी करते हुए फरवरी अंत में काउंसिलिंग शुरू की। 26 फरवरी को रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की गई। 27 फरवरी को प्रतीक्षा सूी जारी की गई।

जिन अभ्यर्थियों के नाम प्रतीक्षा सूची में पूर्व से थे, केवल उन्हें ही 28 फरवरी को आवेदन करने की छूट दी गई। इसी दिन मेरिट लिस्ट जारी की गई। इसके पश्चात दस्तावेज सत्यापन, फीस सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण की गई।

**58 सीटें थीं रिक्त**

प्रदेश में डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें हैं। पहली बार हुई काउंसिलिंग में 58 सीटें ही खाली रह गई थीं। प्रवेश के बाद सीट छोड़ने के कारण रिक्त सीटों की संख्या बढ़कर 174 हो गई। इनमें से 166 सीटों में फरवरी अंत में दाखिले दिए। इस तरह से डीएलएड की 8 सीटें ही रिक्त हैं। इन छात्रों को कुछ दिनों की पढ़ाई के आधार पर ही परीक्षा में शामिल होना होगा।

**माशिम पहले ही जारी कर चुका था तिथि**

डीएलएड परीक्षाओं का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जाता है। मंडल द्वारा दोबारा काउंसिलिंग प्रारंभ होने के पूर्व ही परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई थी। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते ही 3 मार्च को कैंडिडेट्स को परीक्षा फॉर्म भरने पड़े। कोर्ट के आदेश के बाद एससीईआरटी ने खत लिखकर माशिम को अगस्त-सितंबर में डीएलएड परीक्षाएं आयोजित कराने कहा है। प्रवेश के दौरान दो बैच में परीक्षाएं आयोजित करने की बात सामने आ रही थी। अर्थात जिन्होंने बीते वर्ष अगस्त में प्रवेश लिया है, उनकी परीक्षा पहले आयोजित करने तथा इस वर्ष फरवरी में प्रवेश लेने वालों की परीक्षाएं बाद में आयोजित करने की चर्चाएं थीं। अब स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। सभी छात्रों की परीक्षाएं एक साथ ही होंगी।

**खबर संक्षेप**

## संतान सुख का झांसा देकर दो आईवीएफ सेंटर ने वसूले लाखों रुपए

रायपुर। संतान सुख का सपना दिखाकर राजधानी के दो आईवीएफ सेंटर ने इलाज के नाम पर लाखों रुपए वसूल लिए। 20.80 लाख रुपए वसूलने के बावजूद लापरवाही बरतकर महिला के 11 भ्रूण को नष्ट कर दिया गया। महिला आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद महिला को 2.80 लाख रुपए माहभर के भीतर वापस करने और पुनः भ्रूण प्रत्यारोपण करने का आदेश दिया है। संतान प्राप्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर 18 लाख रुपए वापस देना होगा। महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक ने बताया कि अगर आईवीएफ सेंटर निर्देश का पालन नहीं करते हैं, तो दोनों चिकित्सकीय संस्थान का लाइसेंस समाप्त किए जाने की अनुशंसा ऑल इंडिया मेडिकल काउंसिल नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ के साथ सचिव स्वास्थ्य को पत्र भेजकर की जाएगी। मां बनने की चाहत में ठगी का शिकार हुई महिला ने न्याय के लिए महिला आयोग में शिकायत की थी। उनसे बताया कि मोवा और बैरन बाजार के दो आईवीएफ सेंटर में संतान प्राप्ति की खातिर उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसने एक संस्थान में 18 लाख और दूसरे में 2.80 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके बाद भी उसका सपना पूरा नहीं हुआ। महिला आयोग ने मामले में दोनों पक्षों की कई दौर में सुनवाई करने के बाद अपना फैसला सुनाया।

**चुनाव : जिले के 6 निकायों में 4 में भाजपा, 1 में कांग्रेस का उपाध्यक्ष**

# महासमुंद पालिका में उपाध्यक्ष पद के लिए आज होगा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के छः नगरीय निकायों में अध्यक्ष के निर्वाचन पश्चात एकमात्र महासमुंद को छोड़ अन्य सभी निकायों में उपाध्यक्ष का चुनाव हो चुका है। आज महासमुंद नगर पालिका में उपाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी होगी। बता दें कि बागबाहरा में भाजपा के पास पर्याप्त संख्या बल होने के बाद भी कांग्रेस के उपाध्यक्ष चयन के पश्चात मुख्यालय स्थित पालिका के लिए भाजपा किसी प्रकार का खतरा उठाने के मूड में नहीं है। इसलिए, पालिका में भाजपा के 17 पार्षदों को अंडरग्राउंड कर दिया गया है।

बता दें कि जिला मुख्यालय के महासमुंद नगर पालिका में आज उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया होनी है। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने निर्वाचन के लिए अपर कलेक्टर रविदास ठाकुर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। भाजपा 17 पार्षदों के साथ मजबूत स्थिति में होने के बावजूद अंतर्कलह से निपट नही पा रही है। कई दावेदार होने की स्थिति में भाजपा के लिए यहां भी मुश्किलें हो सकती हैं।

बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में जिले की महासमुंद नगर पालिका व तुमगांव, पिथौरा, बसना नगर पंचायत में अध्यक्ष व पार्षद चुने जाने के बाद अब उपाध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया जारी है।

सरायपाली में भाजपा से हेमंत प्रधान, बागबाहरा नगर पालिका में उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी देवेश साहू ने जीत हासिल की है। कुल 16 मतों में 9 वोट देवेश को और सात वोट भाजपा प्रत्याशी प्रेम साहू को मिले। जबकि बागबाहरा नगर पालिका के लिए हुए चुनाव में भाजपा के 8 तथा कांग्रेस के 6 पार्षद व एक निर्दलीय शामिल हैं। स्पष्ट बहुमत के बाद भी यहाँ भाजपा का उपाध्यक्ष नहीं बन पाया। बसना, पिथौरा व तुमगांव नगर पंचायत में भी उपाध्यक्ष पद पर भाजपा काबिज हुई।




### यह है आंकड़ों का हाल

उपाध्यक्ष पद के लिए 30 पार्षद व अध्यक्ष अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। फिलहाल भाजपा बहुमत में हैं। क्योंकि भाजपा के 17, कांग्रेस 7 और अध्यक्ष समेत कुल 8 और 6 निर्दलीय पार्षद हैं। उपाध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस से उम्मीदवार कोई भी हों पर सबकी नजर अब 6 निर्दलीय पार्षदों पर है और उनसे सांठ-गांठ करने में संभावित उम्मीदवार कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### महासमुंद में भाजपा मजबूत, पर उपाध्यक्ष के लिए कई दावेदार

नगरीय निकाय चुनाव परिणाम के 32 दिन बाद 20 मार्च को महासमुंद नगर पालिका के उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। यहां भाजपा 17 पार्षदों के साथ बहुमत के साथ ही मजबूत स्थिति में है। उपाध्यक्ष पद के दावेदारों के जो नाम सामने आएं हैं उनमें हरबंश सिंह ढिल्लो 'नानू भाई', देवीचंद राठी, पवन पटेल, प्रीति बादल मक्कड़, शुभ्रा मनीष शर्मा, भाऊराम साहू, निश्चय चंद्राकर, पीयूष साहू सहित कई नए चेहरों ने भी उपाध्यक्ष पद के लिए इच्छा जाहिर जताई है।

### कांग्रेस के पास अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए मजबूत दावेदार नहीं

कांग्रेस के साथ कोई चमत्कार ही कांग्रेस प्रत्याशी को उपाध्यक्ष पद पर जीत दिला पाएगा। क्योकि कांग्रेस के पास न ऐसा कोई प्रत्याशी है जो भाजपा की तर्ज पर खर्च कर पाए, और न ही संख्याबल। चुनाव में पद पाने के लिए चल रहे पैसे के खुले खेल के बीच कांग्रेस से बतौर प्रत्याशी ज्योति रिंकू चंद्राकर, विजय साव और मुश्ताक खान 'विक्की' दावेदार हैं जिन्हें प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना है।

**लभराखुर्द में मोबाइल कैंप का आयोजन**

# श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद ब्लॉक के ग्राम पंचायत

- सरायपाली बैतारी में मोबाइल कैंप शिविर 20 मार्च को

लभराखुर्द में आज मोबाइल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकों के पंजीयन और नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में 50 से 60 श्रमिकों ने भाग लिया, जहां 2 नए पंजीयन और 1 नवीनीकरण आवेदन दर्ज किए गए। इस दौरान श्रमिकों को श्रमिक कल्याण योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन, और शिक्षा सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे इसका पूरा लाभ उठा सकें। अधिकतर श्रमिकों के श्रमिक कार्ड पहले से बने थे, लेकिन उन्हें योजनाओं के नए अपडेट्स और लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकारी लाभों के प्रति जागरूक किया। साथ ही, श्रमिकों ने अपनी समस्याएं भी साझा की, उनके समाधान का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। बता दें कि सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बैतारी में 20 मार्च को एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत मुढ़ीपार में 21 मार्च 2025 को मोबाईल शिविर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज

- समूह, केसीसी लोन और शासकीय योजनाओं से संबंधित लोन को दे अविलंब स्वीकृति
- कलेक्टर ने की बैंकों के कामकाज की समीक्षा

कलेक्टर सभाकक्ष में बैंकों के कामकाज से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कहा कि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता अनुसार आसान और सरलीकृत तरीके से ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों को केसीसी लोन, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा एवं शासकीय विभागों द्वारा संचालित लोन को अविलंब स्वीकृति दें। समूह से जुड़े हितग्राहियों का लोन भी स्वीकृत करें। कलेक्टर ने जिले के बैंकों की कामकाज के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, आरबीआई के प्रतिनिधि दीपेश तिवारी, नाबार्ड के प्रबंधक प्रियव्रता साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि बैंकों को नकद जमा अनुपात 60 प्रतिशत तक रखने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहियों को उनके आवश्यकता और जरूरत के अनुसार आसानी से लोन उपलब्ध कराने में बैंकर्स सहयोग करें। जिला सहकारी बैंक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक को अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बैंक आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता शिविर का सतत आयोजन करें तथा उनका प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन के हितग्राहियों के शत प्रतिशत बैंक खाते खोलें। इसी तरह उन्होंने बैठक में खल्लारी में बैंकिंग सुविधा खोलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश बैंक लोन प्रकरण को स्वीकृत करने में असक्षम है तो हितग्राहियों को इसकी लिखित जानकारी दिया जाए। जिसमें कारण स्पष्ट उल्लेखित हो। इस दौरान शासकीय योजनाओं की समीक्षा में बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा योजना के तहत बीमित हितग्राहियों को क्लेम दिलाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व पशुपालन, मछली पालन, अंत्यावसायी, ग्रामोद्योग विभागों के प्रकरण के त्वरित निराकरण के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में बैंकों से संबंधित जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे ने विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से बैंकों के प्रगति की जानकारी प्रस्तुत किया।



## संकुल समन्वयकों की हुई समीक्षा

महासमुंद। विकासखंड महासमुंद के समस्त संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक बीआरसी भवन महासमुंद में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 23 मार्च 2025 को आयोजित परीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पांचवी और आठवीं परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को परीक्षा में शामिल करने के लिए ठोस रणनीति तैयार की गई। पालक सम्पर्क कर अनिवार्य परीक्षा में बैठने प्रेरित किया जाए। बैठक के दौरान राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में इको क्लब एवं बाल कैबिनेट को निरंतर सक्रिय बनाए रखने पर बल दिया गया। समीक्षा बैठक में उपस्थित सीएसी (संकुल समन्वयकों) को निर्देशित करते हुए डीएमसी रेखराज शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी विकास सूचकांक को सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से लगाया जाए। साथ ही सीएसी को निर्देश दिया गया कि वे अपने अवलोकन के दौरान अवलोकन पंजी में आवश्यक टीप दर्ज करें। डीएमसी ने परीक्षा के समय 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपार आईडी जनरेट करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर संकुल समन्वयक डूमरपाली, मनीष कुमार चंद्राकर तथा सर्वाधिक जाति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए संकुल समन्वयक बेलसोंडा, सुरेश कुमार पटेल को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीपीओ साक्षर भारत, कमल नारायण चंद्राकर ने लक्ष्य के अनुरूप नौ साक्षरों को परीक्षा में शामिल कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, साक्षरता विकासखंड नोडल अधिकारी ईश्वर चंद्राकर सहित विकासखंड के समस्त सीएसी उपस्थित रहे।

# ईको क्लब का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



यूथ एवं ईको क्लब के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिडिल स्कूलों के ईको क्लब प्रभारियों/ विज्ञान शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण स्थान- शासकीय हाई स्कूल झिलमिला, में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सतीश स्वरुप पटेल ने प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को सीखने का अवसर देना जरूरी है। विद्यार्थियों को समूह में कार्य करने के अवसर मुहैया कराने से उनका सीखना तेज होता है। इसलिए यह क्लब काफ़ी लाभदायक सिद्ध होता है। साथ ही उन्होंने विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और निष्ठा,लगन और सकारात्मकता के साथ स्कूलों में टीम भावना से कार्य करने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया। जिला स्तर से प्रशिक्षित कुशल प्रशिक्षक (बीआरजी) के रूप में यशवन्त कुमार चौधरी, चंद्रभानु पटेल, कनकलता राजहंस, संगीता पंडा आदि ने प्रशिक्षणार्थियों को यूथ एवं ईको क्लब के संबंध में संदर्शिका अनुसार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रभावी प्रशिक्षण दिया। ट्रेनर टीम द्वारा विभिन्न गतिविधियों से अभ्यास कराते हुए नवाचार के लिए प्रेरित किया गया।

खासकर वृक्षारोपण, बागवानी, पोषण वाटिका निर्माण, सीड बॉल निर्माण एवं फैलाव आदि के साथ थ्री आर पद्धति, प्लास्टिक के प्रकार एवं उपयोग संबंधी जानकारी/ सुझाव दिया गया और ग्रुप एक्टिविटी से सीख ली गई।

# 80 करोड़ रुपए की कार्य योजना का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला खनिज संस्थान न्यास की

- उच्च प्राथमिकता और अन्य प्राथमिकता के कार्यों को दी गई स्वीकृति
- बैठक में सांसद, विधायक सहित अधिकारीगण शामिल हुए

शासी परिषद की बैठक आज दोपहर जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में हुए इस बैठक में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी वर्चुअली रूप से जुड़ी। साथ ही महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव एवं सरायपाली विधायक चातुरी नंद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा बाई पटेल सहित समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में वर्ष 2025-26 में 13 सेक्टर के लिए 80 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। इस दौरान बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं मौजूद विधायकगण योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, द्वारिकाधीश यादव एवं चातुरी नंद ने खनिज, पेयजल, स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में परिषद के सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक द्वारा डीएमएफ प्रबंधकारिणी समिति और शासी परिषद के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। बैठक में डीएमएफ के तहत प्राप्त राशि, भुगतान, ऑडिट की स्थिति और 2025-26 के लिए प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि डीएमएफ राशि का उपयोग केवल उच्च प्राथमिकता और अन्य प्राथमिकता के कार्यों तक सीमित रहेगा। उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार उच्च प्राथमिकता क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति,पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों, महिला एवं बाल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन के कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार और स्वच्छता प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र में प्राप्ति की 70 प्रतिशत राशि व्यय करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में भौतिक अधोसंरचना में जिले के पर्यटन केंद्रों में आवश्यक विकास एवं उन्नयन कार्य के लिए, साथ ही जिले में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में अति आवश्यक पुलिया निर्माण कार्य, तटबंध एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचना के कार्य के लिए, इसी प्रकार सिंचाई सुविधाओं के विकास हेतु जिले के नहरों, जलाशयों, नालों का मरम्मत/ उन्नयन एवं आवश्यकतानुसार अन्य विकास के कार्य के लिए, ऊर्जा और जल विभाजक विकास और प्रशासनिक व्यय क्षेत्र में 30 प्रतिशत व्यय का प्रावधान किया गया है।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि अनावश्यक व गैर-स्वीकृत कार्यों में डीएमएफ निधि के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत जो भी कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। उसमें शासन द्वारा निर्धारित निविदाओं के नियमों का पालन करते हुए कार्य करना है। किसी भी कार्य में नियमों की अनदेखी अथवा लापरवाही पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

// ईश्तहार //
समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय, सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)
// शपथ पत्र //
मैं सीताराम पिता भगतराम उम्र 63 साल, जाति- बिंझवार, निवासी- केलवारडबरी, तहसील- बसना, जिला- महासमुंद (छ.ग.) का निवासी हूँ एवं निचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/ करती हूँ किः
(1) यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है ।
(2) यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3401-5722-4742 में मेरा नाम SITARAM BARIHA लिखा गया है जो कि मेरा नाम व पिता का नाम साथ में लिखा गया है जो कि यह भी मेरा ही नाम होकर सत्य व सही है।
(3) यह कि मेरे ऋण पुस्तिका में मेरा अरखित लिखा है जो कि मेरा घरेलू नाम होकर सत्य व सही है।
(4) यह कि उक्त शपथपत्र मेरे दो नाम होने व सीताराम बरिहा तथा अरखित मुझ शपथकर्ता के ही नाम होकर एक ही व्यक्ति के होने के साक्ष्य में उक्त शपथपत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई है।
शपथकर्ता - सीताराम
सत्यापनकर्ता
मैं शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कण्डिका एक से चार तक वर्णित समस्त बातें सत्य व सही होने से आज दिनांक 18/03/2025 को सरायपाली में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
सत्यापनकर्ता- सीताराम

न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
//सूचना पत्र//
क्रमांक/ / तह./ वाचक/2025 बागबाहरा, दिनांक
राजस्व मामला क्रमांक 202412120700009 अ/6 अ वर्ष 2024-25 ग्राम-भीखापाली, तहसील बागबाहरा
अशोक कुमार पिता दशरथ जाति सोनार
निवासी ग्राम भीखापाली,
तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद ...आवेदक
विरुद्ध
रतन पिता चमारराय जाति सोनार ...अनावेदक
आवेदक अशोक कुमार पिता दशरथ जाति सोनार निवासी ग्राम भीखापाली, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) ने आवेदन पेश किया है कि ग्राम भीखापाली, प.ह.नं. 09, रा.नि.म. तेन्दूकोना तहसील बागबाहरा स्थित भूमि ख.न. 477/1 रकबा 0.75 हे. राजस्व अभिलेख में अशोक कुमार पिता दशरथ वगैरह के नाम पर शामिलात खाता में दर्ज होकर स्थित है। उक्त भूमि में सहखातेदार के रूप में रतन पिता चमारराय का नाम दर्ज है। उक्त नाम का कोई व्यक्ति आवेदक के परिवार एवं ग्राम में निवास नही करता है। उक्त नाम पूर्व से ही चला आ रहा है। अतएव उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख से रतन पिता चमारराय का नाम विलोपित कर शेष प्रविष्टि यथावत रखा जावे। अनावेदक रतन पिता चमारराय जाति सोनार को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में राजस्व मामला क्रमांक 202412120700009 अ/6 अ वर्ष 2024-25 विचाराधीन है। प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 04/04/2025 को नियत है। उक्त आवेदन के संबंध में नियत पेशी तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब दावा या उजर आपत्ति पेश कर सकते हैं। जवाब दावा या उजर आपत्ति पेश नहीं करने की स्थिति में अनावेदक रतन पिता चमारराय जाति सोनार के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 19/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार बागबाहरा

न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक/ 2059/तह./वाचक/2025
बागबाहरा, दिनांक 19/3/2025
रा.मा.क्र... ब / 121/ वर्ष 2024-25
ग्राम खल्लारी (डोंगरीपारा) प.ह.नं. 03
तहसील बागबाहरा
एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम खल्लारी (डोंगरीपारा) प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका प्रमिला ठाकुर पिता भारत सिंह ठाकुर जाति गोड़ निवासी ग्राम खल्लारी (डोगरीपारा) तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे स्वयं प्रमिला ठाकुर जाति गोंड़ की जन्म दिनांक 1/11/1965 गोड़ की जन्म/मृत्यु को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नही होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 4/4/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 19/3/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार बागबाहरा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।
कल दशगात्र



स्व.श्री सूरज चंद्राकर जी
शोक संतप्त हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र सूरज चंद्राकर का स्वर्गवास दिनांक 12.03.2025, दिन-बुधवार को हो गया है । जिनका कार्यक्रम निम्नानुसार है। अतः इस शोक की घड़ी मे आप सह परिवार सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर हमे अनुग्रहित करें ।
-कार्यक्रम-
दशगात्र
दिनांक - 21.03.2025, दिन- शुक्रवार
कार्यक्रम स्थल - राम जानकी मंदिर कुर्मीपारा महासमुंद
तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे बंधवा तालाब में
-शोकसंतप्त परिवार-
श्रीमती जनक बाई, रूपनारायण, मोहन कृष्णकुमार, ओमप्रकाश, रामू, रमेश, राजेश, संतोष, देवेन्द्र, पूर्णिमा, विनोद, सितेश, बृजेश, मोहित, अनिल, रोहित, ललित, टारजन, विक्की एवं समस्त चन्द्राकर परिवार
-विनीत-
श्रीमती सुलेना चन्द्राकर (दादी)
श्रीमती राधिका-ईश्वर चन्द्राकर (माँ-पापा)
श्रीमती नेहा-नीरज चन्द्राकर (भाभी-भैया)
हार्दिक, तनिष्का (भतीजा-भतीजी)
कुमीर्पारा, महासमुन्द (छ.ग.)
मो.9425204608
संबंधित प्रतिष्ठानः पंकज ज्वेलर्स, गांधी चौक-महासमुंद
टीप - जिन किसी स्नेहीजनों को शोकपत्र नहीं प्राप्त हुआ हो कृपया इसे ही सूचना जाने।

## खबर संक्षेप



### राजधानी रायपुर में सोना अब 91 हजार भी पार

**रायपुर।** सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नए साल में अब तक करीब 13 हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 91 हजार रुपए पार हो गया है। अब कभी भी कीमत 92 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। चांदी की कीमत भी एक लाख के पार हो गई है। हालांकि बीते साल भी चांदी की कीमत एक लाख के पार गई है, लेकिन अब रिकॉर्ड कीमत हो गई है। सोना बीते सप्ताह शनिवार को बाजार बंद होने पर 90650 रुपए था। सोमवार को बाजार खुलने पर कीमत पचास रुपए होकर 90600 रुपए हो गई। मंगलवार को कीमत में 700 रुपए की तेजी आने के कारण कीमत 91 हजार पार होकर जीएसटी के साथ 91300 रुपए हो गई है। इसी के साथ चांदी की कीमत 103300 रुपए हो गई है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 11 सौ रुपए का इजाफा हुआ है। नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर अब मार्च में कीमत में तेजी आती चली जा रही है।

### महिलाओं ने मनाया रंगपंचमी पर्व



**रायपुर।** महिला संगठन द्वारा मंगलवार को रंगपंचमी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे, सुषमा तिवारी, इंद्राणी शर्मा, सरिता आकाश दुबे आदि शामिल रहे।

आंदोलन: शासन-प्रशासन को नींद से जगाने कई घंटे बैठे भूखे हड़ताल में

# होली के दिन 20 गांव के लगभग 50 किसानों ने की भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता व किसान संघर्ष समिति के संयोजक अंकित बागबाहरा ने बताया कि पिछले वर्ष 2024 मार्च से बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, फेस चेंज की की समस्या से लगातार भाजपा की डबल इंजन सरकार की कुंभकर्णी निंद्रा को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद पिछले साल से ज्यादा इस साल 2025 में किसानों को रबी की फसल से हतोत्साहित करने जानबूझ कर बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या पैदा की जा रही है। इस वर्ष इसके विरोध में पहले 24 फरवरी को लगभग 350 किसानों के साथ कोमाखान, फिर 4 मार्च को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। फिर भी समस्या ना सुधारने पर होली जैसे पवित्र त्योहार के दिन किसानों संग भूख हड़ताल कर गहरी निंद्रा में सोई भाजपा सरकार को जगाने का काम किया।

अंकित ने कहा कि किसान कब खुश होगा, जब फसल अच्छी होगी तो उसके लिये त्योहार तभी है जब फसल अच्छी हो तो उसी बात को दर्शाने सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू हुआ अनशन शाम साढ़े 5 बजे तक जारी रहा और लगातार होली त्योहार होने के बावजूद दूर-दूर से किसान बीच-बीच में आकर भूख हड़ताल में समर्थन देते रहे।

भूख हड़ताल को समर्थन देने मुख्य रूप से पुष्कर चंद्राकर, आशीष दीवान, तूफान दीवान, राजेंद्र शर्मा, मनोज चंद्राकर, इंद्रा चौहान, चयन चंद्राकर, कबीर साहू, सुनील बेवहार, दीपक नरेडिया, रामकुमार पटेल, राजाराम साहू, हसीम रजा, भागीरथी दीवान, रेशम पांडे, आकाश, गुंजन, प्रवीण, विकास, पुराणिक निराला, डेमन साहू, हेमंत सेन, अशोक अग्रवाल, प्रेम दुबे, आकाश चंद्राकर, सुनील जैन, रविह केशरवानी, रमेश साहू, जनक निषाद, तुलसी राम, टेकराम कुलदीप, मुकुंद सिन्हा, घनश्याम साहू, चमन पटेल, मानसिंग ठाकुर, सनी कुमार, गोपी साहू, मिनेश्वर साहू, डिगेश साहू आदि किसानों ने स्थल में पहुंच के समर्थन दिया। ग्राम बोडरीदादर, घोइनाबाहरा, हाथीगढ़, पटपरपाली, सुअरमार, बकमा, कोमा, नवागांव कला, रेवा मोंगरापाली, सोनापुटी, लमकेनी, कोमाखान, मनकी, बोइरगांव, साल्हेभाटा, सराईपाली, हरदी, कौहाकुड़ा, करहीडीही, बागबाहरा के लोग मौजूद रहे।

# सिरपुर को विश्व गौरव बनाने लोस में सांसद ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




■ लोकसभा में बुधवार को छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक स्थल सिरपुर के संरक्षण और इसके वैश्विक महत्व को बढ़ाने को लेकर अहम मुद्दा उठाया गया

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शून्य काल के दौरान सिरपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक धरोहर को उजागर करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से इसके उत्खनन और संरक्षण के लिए ठोस योजना बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सिरपुर न केवल 5वीं से 8वीं शताब्दी के दौरान दक्षिण कोसल की राजधानी रहा, बल्कि यह बौद्ध, जैन और हिंदू संस्कृति के समन्वय का जीवंत उदाहरण भी है। यहां लक्ष्मण मंदिर, राम मंदिर, गंधेश्वर महादेव मंदिर सहित कई ऐतिहासिक धरोहरें हैं, जो भारतीय स्थापत्य और मूर्तिकला की उत्कृष्ट कृतियां हैं। सांसद ने केंद्र सरकार से यह भी अनुरोध किया कि सिरपुर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि इसकी ऐतिहासिक पहचान को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिले। सांसद ने बताया कि सिरपुर का संरक्षण और विकास स्थानीय रोजगार, राज्य की अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्तर पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा। स्थानीय शिल्पकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्यटन से होने वाली राजस्व वृद्धि से राज्य सरकार अन्य बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश कर सकेगी। सिरपुर हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म का समागम स्थल है, जिससे इसकी सांस्कृतिक विविधता को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। यदि इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया जाता है, तो यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाएगा। सिरपुर प्राचीन भारत के व्यापारिक, बौद्धिक और धार्मिक केंद्रों में से एक था, इसका प्रचार इसे वैश्विक पर्यटन स्थल बना सकता है। दुनिया भर के पुरातत्वविद, इतिहासकार और बौद्ध धर्म के अनुयायी शोध और पर्यटन के लिए यहां आ सकते हैं।बौद्ध धर्म से जुड़े देशों (जैसे जापान, लंका, थाईलैंड, म्यांमार, चीन) के पर्यटकों के लिए यह एक प्रमुख तीर्थस्थल बन सकता है। सिरपुर को अंतरराष्ट्रीय विरासत स्थल के रूप में विकसित करने से भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान बढ़ेगा। सिरपुर का महत्व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सांस्कृतिक उत्सव, पुरातात्विक संगोष्ठी आदि के आयोजन को बढ़ावा देगा, जिससे इसकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों से इसके संरक्षण के लिए सहयोग और धनराशि प्राप्त की जा सकती है।



### नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**बागबाहरा।** नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने निकाय अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 01 में खेल मैदान का उन्नयन कार्य लागत राशि 99.75 एवं वार्ड क्रमांक 01 में शौचालय निर्माण कार्य लागत राशि 16.92 लाख का निरीक्षण किया गया। संबंधित ठेकेदार को कार्य शीघ्र ही पूर्ण करने एवं शासन के नियमानुसार कार्य करने व गुणवत्ता के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 01 में 99.99 लाख से बने इंडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान वार्ड नं. 09 के पार्षद मिथुन अमीर एवं उप अभियंता शशि प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

# पीएम इंटर्नशिप 2.0 योजना के लिए पीजी महाविद्यालय में हुई बैठक

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक के पत्रानुसार पीएम इंटर्नशिप योजना 2.0 के तहत महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ नीलम अग्रवाल की उपस्थिति में दिलीप बढ़ई महाविद्यालय प्लेसमेंट सेल संयोजक द्वारा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अशोक साहू सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत उपस्थित रहे, जिन्होंने बताया कि पीएम इंटर्नशिप 2.0 योजना में ऐसे विद्यार्थी जो 21 वर्ष से 24 वर्ष के मध्य है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके अंतर्गत आपके आसपास क्षेत्र में उद्योगों एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवश्यक होता है। इसमें एक महीने में प्रशिक्षण के साथ साथ लगभग 5000 रुपए तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी। मुख्य रूप से इसमें बेरोजगार युवा जो 21 से 24 वर्ष के मध्य हो उनके लिए अधिक लाभदायक योजना है। इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने की होगी। बैठक में डॉ. सीमारानी प्रधान सह संयोजक पीएम इंटर्नशिप 2.0, डॉ. आरके अग्रवाल वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. अजय कुमार देवांगन, मनबोध चौहान, डॉ जगदीश सत्यम, डॉ. जागृति चंद्राकर, विजय कुमार मिर्चे, रेणुका साहू, प्रकाशमणि साहू, पूजा यादव उपस्थित रहे।

# जलाशय से पानी छोड़ने पूर्व संसदीय सचिव ने लिखा कलेक्टर को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कलेक्टर को पत्र लिखकर जलाशयों से निस्तारी के लिए पानी छोड़ने की मांग की है। चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में निस्तारी व पशुओं के पीने के लिए तालाबों को भरने की आवश्यकता है। तालाब भरने से गांव का जल स्तर भी बढ़ेगा तथा मृत प्राय हो चुके कुएं, बोर, हैंडपंप आदि पुनर्जीवित हो उठेंगे। क्षेत्र में जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में और अधिक निस्तारी के लिए पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों को आने वाली गर्मी में पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए जलाशयों से अविलंब पानी छोड़ने की आवश्यकता है।

उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है कि ग्रामीणों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द नहरों को खोला जाए ताकि क्षेत्र वासियों को राहत मिल सके।

# भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे देशभर में जगह जगह आंदोलन एवं ज्ञापन दिया गया। इस निमित्त भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई महासमुंद के पदाधिकारियों एवं संबद्ध यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा 18 मार्च मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारतीय मजदूर संघ की अखिल भारतीय कार्यसमिति बैठक गुवाहाटी में हुई। इसमें केंद्र सरकार के बजट 2025-26 पर प्रस्ताव पारित किया गया। 1 फरवरी 2025 को आये बजट में आयकर सीमा बढ़ाकर कर्मचारियों को राहत दी गई। डेयरी, मत्स्य, लघु उद्योगों को भी सहूलियत दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों को टीडीएस में राहत दी गई। कार्यसमिति ने इन फैसलों का स्वागत किया है। लेकिन, भारतीय मजदूर संघ द्वारा दिए गए सुझाचवों पर पूरी तरह अमल नहीं हुआ। कार्यसमिति ने कहा की ईपीएस-95 के 75 लाख पेशनरों को भी कोई राहत नहीं दी गई। मजदूर संघ ने अभी वर्तमान में अनेक मांगों को प्रमुखता से रखा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव, जिला मंत्री खगेंद्र तारक, राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रिखी राम साहू, कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश टंडन, उत्तम वर्मा, रणधीर सोनी, विकास कुमार, हमाल संघ से धनुष यादव, जितेंद्र यादव, मनीराम यादव, मनीष साहू, पोखन साहू आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण: सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा महिला मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सरायपाली ब्लाक के केंदुआ मंडल में आयोजित की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया शामिल हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर व सराईपाली नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती पटेल, कार्यक्रम संयोजक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू प्रमुख रूप उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वच्छता दीदियों एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। पश्चात संबोधन की कड़ी में मुख्य अतिथि सरला कोसरिया ने कहा कि आज महिलाएं प्रशासनिक पदों के साथ-साथ सरपंच के रूप में गांवों का भी नेतृत्व कर रही हैं। सरकार द्वारा भी महिलाओं को सम्मान देने के लिए कई मुहिम चलाई जा रही हैं, जिनमें राशन कार्ड में महिला मुखिया की व्यवस्था और एक पेड़ मां के नाम अभियान शामिल हैं। हम सबकी जिम्मेदारी है की हम सब एक-एक पेड़ लगाएं, क्योंकि हमें देखकर समाज सीखता है, हम महिलाओं के इर्द गिर्द समाज घूमता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। आज के समय में सफल होने के लिए कई रास्ते हैं और हम उन रास्तों में चलकर सफल उड़ान भर सकते हैं, बशर्ते हमें अपनी रूचि के अनुसार रास्ते तय करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर स्वावलंबी बन रही हैं। इस अवसर पर समस्त अतिथियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएं अब घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम में केंदुआ की महिलाओं का सहयोग रहा। यहां की महिलाएं भी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सरकार ने महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त किया है, उसका लाभ केंदुआ की महिलाओं लेकर आज परिवार चलाने में सहयोग कर रही हैं। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।



### पेवर ब्लॉक कार्य के लिए नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 15 में पेवर ब्लॉक कार्य हेतु स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया। इस वार्ड में विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लॉक कार्य कराए जाने हैं, उक्त सभी स्थानों पर नपाध्यक्ष ने जाकर निरीक्षण किया। पेवर ब्लॉक लगने से वार्डवासियों को धूल व कीचड़ से मुक्ति मिलेगी।

### शतरंज की बारीकियां सीख रहे बच्चे और महिलाएं



**महासमुंद।** शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ब्रिलिएंट चेस एकेडमी द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए शतरंज की बारीकियां को समर कैंप में सिखाया जा रहा है। कैंप की शुरुआत 18 मार्च से हुई। जिसमें शतरंज के नेशनल ऑर्बिटर संदीप पटले एवं इंटरनेशनल रेटिंग प्राप्त दीपांशु पटले व प्रियांशु पटले प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिनके द्वारा समय-समय पर देश व प्रदेश की शतरंज प्रतियोगिता के लिए पूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिनका लक्ष्य शतरंज को आगे बढ़ाना है।

कर्ज की चिंता व फसल सूखने से परेशान किसान ने की थी आत्महत्या

# मृतक किसान के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने ग्राम सिंघनपुर पहुंचकर किसान पुरण निषाद के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। विगत 10 मार्च को किसान ने अपने खेत स्थित एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। चंद्राकर ने उनकी पत्नी पंचवती निषाद, पुत्र कुलेश्वर निषाद व टिकेश्वर निषाद को ढांढस बंधाकर ईश्वर से मृतक किसान के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तथा शासन से शोकाकुल परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा व पुत्र को सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती बंद कर लो वोल्टेज समस्या का स्थायी समाधान सरकार को करना चाहिए। जिससे किसान निश्चिंत होकर खेती कर सकें।

इस दौरान चर्चा में यह बात सामने आई कि मृतक पूरण निषाद कर्ज व फसल सूखने से परेशान था। पूरण के पास करीब पौने 3 एकड़ कृषि भूमि है। इसके अलावा रेग पर दो एकड़ जमीन लेकर खेती करता था। उनके नाम पर स्थायी बिजली कनेक्शन भी हैं। इस बार खेती के लिए पूरण ने ग्रामीण बैंक शाखा झलप से 1.55 लाख रु. का केसीसी लिया था। वहीं, दो लाख रुपए साहूकारों से कर्ज लिया था। पुराने बोर में मोटर पंप फंसने से दूसरा बोर खनन कराकर उसमें मोटर पंप लगाने के लिए कर्ज लिया था। लेकिन, लगातार विद्युत कटौती, लो वोल्टेज के चलते फसल सूख गई। पहले 2 एकड़ फसल नष्ट होने के बाद बाकी बचे खेतों के धान पौधे भी बिजली कटौती व लो वोल्टेज की भेंट चढ़ गई। सूखते फसल को देख किसान काफी चिंतित रहता था। परिवार के बीच फसल नहीं होने से कर्ज अदा कैसे करेंगे, इस बात को लेकर हमेशा चिंता जाहिर करता था। कर्ज की बोझ व फसल नष्ट होने के कारण अंततः किसान ने आत्महत्या कर ली। पीड़ति परिवार से मुलाकात के दौरान चंद्राकर के साथ लेड़गा साहू, आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर, हेमंत साहू, अतुल गुप्ता, दिलीप चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

